# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 मार्च 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को दी पचासी हजार करोड़ रुपये के रेल परियोजनाओं की सौगात। उत्तर प्रदेश को मिली तीन नयी वंदे भारत ट्रेन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज उन्नाव, फर्रूखाबाद और बरेली को देंगे आठ सौ सत्तावन करोड़ रूपये के विभिन्न जनकल्याणकारी विकास परियोजनाओं का उपहार।
- परिवहन विभाग के निगम मुख्यालय में बने कमांड कंट्रोल सेंटर का हुआ शुभारम्भ। चौदह हजार से अधिक बसों की हो सकेगी लाइव ट्रैकिंग।
- नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद प्रदेश में पुलिस अलर्ट पर। प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक ने कहा– प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाये रखने के व्यापक इंतजाम।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। श्री योगी ने प्रदेश में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ–गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

प्रधानमंत्री ने लखनऊ–देहरादून, पटना–लखनऊ और रांची–वाराणसी के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। साथ ही माल परिवहन की सुगमता के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की माल गाड़ियों को भी रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विकसित भारत की दिशा में देश ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। अब तक करीब 350 आस्था ट्रेनें चली हैं, जिनके माध्यम से चार दशमलव पांच लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा आज लोकार्पित और शिलान्यास की गई रेल परियोजनाओं में प्रदेश के विभिन्न जनपदों को भी सौगात मिली है। इनमें अयोध्या जिले की 2 हजार बासठ करोड़ की पांच रेल परियोजनायें शामिल है।

अयोध्या से गुजरने वाली वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। हापुड़ में ईर्स्टन डेडिकेटेड फ्रीट कॉरिडोर, न्यू हापुड़ स्टेशन रघुनाथपुर का भी प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रदेश वासियों को आठ सौ सत्तावन करोड़ रूपये से अधिक के लागत की दो सौ उन्नहत्तर से अधिक विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। सबसे पहले मुख्यमंत्री उन्नाव के फतेहपुर चौरासी स्थित ग्राम चंद्रिकाखेड़ा में शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उसके बाद काली मिट्‌टी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में दो सौ इक्तालीस दशमलव दो, छह करोड़ की 103 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री जनपद फर्रूखाबाद के क्रिश्चियन कॉलेज मैदान में दो सौ अठ्‌ठासी दशमलव दो, पांच करोड़ की 102 परियोजनाओं और जनपद बरेली के बरेली कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ अठ्‌ठाइस करोड़ की 64 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में ग्यारह हजार करोड़ रुपये लागत की तीन हजार चार सौ उन्नीस विभिन्न जनोपयोगी नगर विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुय मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिये लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के साथ विरासत पर ध्यान दे रही है। साथ ही समृद्धि के साथ सुरक्षा का भरोसा भी लोगों को मिल रहा है। उधर, देर शाम एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में इंवेस्ट यूपी के नये कार्यालय का उद्‌घाटन किया और निवेशकों के साथ बातचीत भी की। निवेशकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सात साल पहले उत्तर प्रदेश पर कोई भरोसा नहीं करता था, लेकिन अब हालात बदल चुके है और प्रदेश में लगातार निवेश हो रहा है। प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल है और निवेशकों को बेहतर सुविधाएं सरकार प्रदान कर रही है।

**********

प्रदेश सरकार में नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का कल बंटवारा कर दिया गया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, हज व मुस्लिम वक्फ विभाग का जिम्मा सौंपा गया। वहीं दारा सिंह चौहान कारागार विभाग संभालेंगे। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग का दायित्व सौंपा गया है। अनिल कुमार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री होंगे। वहीं योगी मंत्रिमंडल के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री बनाये गए हैं। बता दें कि पांच मार्च को योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ था, जिसमें ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, सुनील शर्मा व अनिल कुमार को मंत्री बनाया गया है।

**********

प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कल प्रदेश में तीस करोड़ सड़सठ लाख रूपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन योजनाओं के जरिये परिवहन निगम की बसों के यात्रियों को अनेक सुविधाएं मिलेंगी। अब परिवहन विभाग की लगभग चौदह हजार बसों की लाइव ट्रैकिंग भी हो सकेगी। इसके लिये निगम मुख्यालय में बने कमांड कंट्रोल सेंटर का कल लोकार्पण किया गया। किसी आकस्मिकता की स्थिति में बसों की वास्तविक लोकेशन और स्थिति का पता लगाने के लिये यह कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। पैनिक बटन लगा होने से किसी भी प्रकार के अलर्ट मिलने पर तुरन्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि रायबरेली में तैयार हुआ मोटर ट्रेनिंग सेंटर भी अपने आप में एक अनूठा सेंटर है। यहां आवासीय भवनों में रहकर मोटर ट्रेनिंग सीखने का मौका मिलेगा।

***उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने आज एक कमांड सेंटर बनाया उसका उद्घाटन हुआ और कमांड सेंटर के माध्यम से उत्तर प्रदेश के चौदह हजार हमारी सभी बसों को हम यहाँ से मॉनिटरिंग करेंगे जीपीएस लगा हुआ है जीपीएस के माध्यम से बसे कोई भी यात्री या उनके परिवार। के लोगो को ये जानकारी मिल जाएगी ट्रेन की तरह की बस अभी कहाँ पर है। रायबरेली में एक ऑटोमेटिक ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट रिसर्च सेंटर का स्थापना किया जो आज उत्तर प्रदेश का ये पहला है। बच्चे वहाँ रुक कर के हॉस्टलों में रहेंगे और एक प्रशिक्षु बन कर के दक्ष जो है ड्राइवर बनेंगे।***

**********

नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद प्रदेश में पुलिस एलर्ट पर है। प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाये रखने के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। एक सौ उन्यासी कंपनी पीएसी, सौ सीआरपीएफ को तैनात किया गया है। सरकार के अधिकारी और पुलिस कर्मचारी सभी धार्मिक गुरूओं, समितियों के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाये रखने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उधर, भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेताओं ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। बस्ती के सांसद और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तथा बिहार के सहप्रभारी हरीश द्विवेदी कहा कि मोदी सरकार ने अपना वादा पूरा कर दिखाया है।

***माननीय प्रधानमंत्री जी ने और हमारी पार्टी ने वादा किया था की हम जब सरकार में आएंगे तो बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान में जो अल्पसंख्यक जो प्रताड़ित हो रहे हैं वहाँ पर जिनके साथ अत्याचार हो रहा है उनको भारत की नागरिकता दी जाएगी। हमारी सरकार ने वो वादा पूरा किया है। इससे बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक को भारत की नागरिकता चाहते हैं उन सबको देखिए उन सबके साथ न्याय होगा अच्छा जीवन जीने का अधिकार उनको मिलेगा। इसका मैं स्वागत करता हूँ आदरणीय प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करता हूँ। हमारे प्रधानमंत्री जी ने जो जो वादा किया वो सब वादा पूरा किया और यही प्रधानमंत्री जी की खासियत है की जो प्रधानमंत्री जी की गारंटी होती है वो गारंटी पूरा होने वाली गारंटी होती है। मैं प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करता हूँ और ऐसे शरणार्थियों का हिंदुस्तान की पुण्य भूमि का स्वागत करता हूँ।***

**********

दूरदर्शन का नेशनल चैनल प्रति दिन सुबह साढ़े छः बजे अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर से भव्य आरती का सीधा प्रसारण कर रहा है। टीवी पर भक्त प्रतिदिन भगवान श्री रामलला के दर्शन कर सकेंगे। नव निर्मित मंदिर में प्रतिदिन पूजा–अर्चना करने और रामलला के दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

**********

महोबा के पहरा गाँव में कल खनन के दौरान पहाड़ की मिट्टी खिसकने से चार मजदूरों की मौत हो गई है। हादसा पहरा गांव के डीआरएस पहाड पर हुआ, जहां आज खनन के दौरान अचानक पहाड़ का एक हिस्सा भरभरा कर खदान में जा गिरा, उस समय वहां करीब 15 मजदूर कार्य कर रहे थे। जिला प्रशासन ने इस हादसे में तीन मजदूरों की मौत होने की पुष्टि की हैं, जबकि एक की हालत गम्भीर बनी हुई है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**********